# दबंगों ने पिता-पुत्र पर लोहे की रॉड से किया जानलेवा हमला, गम्भीर घायल



बरेली (आज समाचार सेवा)। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति और उसके बेटे पर कई लोगों ने कथित तौर पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। ग्लिंकर इंक्लेव निवासी देवदत्त ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पांच सितंबर की शाम करीब 7:30 बजे वह अपने स्थान पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान अर्पित निवासी हार्टमन और छह अज्ञात लोग एकराय होकर वहां पहुंचे और उसके तथा उसके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। देवदत्त के मुताबिक विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला किया। आरोप है कि हमलावरों ने उसके सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी पिता-पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गौ बंशज को जाल डालकर पकड़ने वाले गौ तस्कर शोर मचाने पर भागे

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। करीब आधा दर्जन गौतस्करों ने जाल डालकर एक गांव के जंगल से गौवंश को अपने कब्जे में ले लिया और उसे ले जाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने घटना को देखकर शोर मचा दिया। शोर शराबा होते देख गौर तस्कर गौवंश को मौके पर ही जाल व रस्सी से बंधी अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष से मिली तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी। थाना सीबीगंज के परधौली गांव में 5 सितंबर को देर शाम नहटे बाबा मंदिर बाजार के पास स्थित खेत से एक गोवंश को कुछ गौतस्करों द्वारा रस्सी का जाल डालकर वध करने की नीयत से कब्जे में ले लिया और जंगल के रास्ते उसे ले जाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान उस रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब गोवंश को ले जाते देखा तो शोर मचा दिया। शोर शराबा होते देख आरोपी गौतस्कर गोवंश को छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाअध्यक्ष रोहित गंगवार मौके पर पहुंच गए और डायल 112 पुलिस को बुला लिया। मौके से गोवंश रस्सी के जाल में फंसा हुआ था। काफी प्रयास के बाद गोवंश को जाल से आजाद कराया और फरार गौतस्करों की तलाश शुरू की। लेकिन तब तक गौतस्कर फरार होने में सफल हो गए। शक के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस ने जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार से मिली तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी।

### लगातार बारिश के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल बंद

बरेली (आज समाचार सेवा)। जनपद में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों में 7 सितंबर को अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिले के यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के साथ ही परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक, सहायता प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 7 सितंबर को शिक्षण कार्य बंद रहेगा। लगातार बारिश के बीच विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

बरेली (आज समाचार सेवा)। थाना कैंट पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक, 5 सितंबर की रात उप निरीक्षक हरेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान क्यारा अड्डे के पास मुखबिर ने सूचना दी कि बुखारा मोड़ की ओर से ग्राम बभिया की तरफ एक व्यक्ति अवैध तमंचा लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर निर्माणाधीन पुल के पास संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कल्लू उर्फ दुनका पुत्र रामभरोसे, निवासी ग्राम मिर्जापुर, थाना कैंट, बरेली, उम्र करीब 24 वर्ष बताया। तलाशी के दौरान उसकी जींस की बाईं फेंट से एक अवैध 315 बोर तमंचा और दाहिनी जेब से एक जिंदा 315 बोर कारतूस बरामद होने का दावा पुलिस ने किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी तमंचा व कारतूस रखने का लाइसेंस नहीं दिखा सका। इसके बाद उसे 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद तमंचा व कारतूस को सील कर पुलिस ने कब्जे में ले लिया तथा गिरफ्तारी मेमो तैयार किया। पुलिस ने बरामदगी की वीडियोग्राफी किए जाने की भी बात कही है।

# मंदिर श्री सूरज भारती से निकली सौ वर्ष पुरानी श्रीकृष्ण राजगद्दी शोभायात्रा

## बन राज्यमंत्री व मेयर ने उतारी भगवान श्रीकृष्ण की आरती

बरेली (आज समाचार सेवा)। लगभग सौ वर्ष पुरानी श्री सूरज भारती मंदिर भूड़ से निकलने वाली राजगद्दी ददिकाधों शोभायात्रा में बन राज्य मंत्री डा. अरूण कुमार, मेयर डा. उमेश गौतम, डा. विकास वर्मा व क्षेत्रीय पार्षद शालिनी जौहरी ने श्रीकृष्ण जी की आरती उतारी तत्पश्चात राजगद्दी अपने पूर्व निर्धारित मार्गों से मंदिरों में जाकर श्री सूरज भारती मंदिर पर आकर मंदिर में विराजमान हुई। राजगद्दी शोभायात्रा में अनुजकान्त सक्सेना, राजेश वर्मा, विजय सरवेही, रमेश चन्द्र वर्मा, अजय वहादुर, दक्ष सक्सेना, विजय सक्सेना, प्रमोदय यादव, धर्मपाल, प्रतिभा जौहरी, रवि जौहरी, विशन चन्द, रवि सरवेही, नवीन कक्कड़, मनोज सक्सेना, अभय कान्त व पुजारी श्रवण कुमार आदि शामिल रहे।



## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

बरेली (आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बरेली की जिला कार्यकारिणी की बैठक शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी के उपरांत आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अजय कुमार एवं राज प्रकाश सिंह को जिला संगठन मंत्री, उमेश गंगवार को जिला उपाध्यक्ष तथा आदित्य शर्मा को ब्लॉक संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। मंडलीय मंत्री रुचि सैनी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई और संगठन के प्रति पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक प्रदीप गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद गंगवार, जिला संयुक्त मंत्री अरविंद चौधरी, जिला संगठन मंत्री अतुल सिंह व हेमेंद्र गंगवार, जिला उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा कुशवाहा व गौरव गुप्ता, जिला महिला उपाध्यक्ष ऋतु मिश्रा, जिला महिला संगठन मंत्री मोनिका गुप्ता, जिला प्रचार मंत्री धीरेंद्र सिंह चौहान, मोनिका सागर, जिला प्रवक्ता अरविंद कुमार, जिला मीडिया प्रभारी आदित्य शर्मा सहित जिले एवं ब्लॉक के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षामित्र पर लगा उपस्थिति व पत्र व्यवहार पंजिका में छेड़छाड़ का आरोप, जांच की मांग

बरेली (आज समाचार सेवा)। क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गुलाब नगर झींगरी में कार्यरत शिक्षामित्र पर पत्र व्यवहार पंजिका और शिक्षक उपस्थिति पंजिका में कथित रूप से छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगा है। मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रपाल ने खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह को पत्र भेजकर जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र पर विद्यालय की रसोइया समेत अन्य कर्मचारियों के भी हस्ताक्षर बताए गए हैं। शिकायत में शिक्षामित्र ममता देवी पर पत्र व्यवहार पंजिका में दर्ज पुरानी प्रविष्टियों में कथित तौर पर काट-छांट कर बदलाव किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पंजिका में दर्ज कुछ पत्रों की प्रविष्टियों को गलत तरीके से बदले जाने के साथ ही शिक्षक उपस्थिति पंजिका में भी कई स्थानों पर छेड़छाड़ की गई है। शिकायत के अनुसार, 27 अगस्त 2026 को पत्र व्यवहार पंजिका को कार्यालय की दराज से निकालकर अलमारी में रखे दस्तावेजों के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ की गई। इसमें क्रम संख्या 21 से 30 के बीच दर्ज पत्र व्यवहार को प्रभावित किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने घटना के संबंध में रसोइया लीलावती, रानी देवी और सहायक भारती नेत्री समेत अन्य लोगों के नाम भी दिए हैं। प्रधानाध्यापक और शिकायतकर्ताओं ने खंड शिक्षा अधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत में विद्यालय में इस तरह की कथित गतिविधियों से असहज स्थिति उत्पन्न होने की बात भी कही गई है। अब मामले में खंड शिक्षा अधिकारी की जांच अहम होगी। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि पंजिकाओं में वास्तव में किसी तरह की छेड़छाड़ हुई है या नहीं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

## केशलता इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य को प्रतिष्ठित सम्मान

बरेली (आज समाचार सेवा)। शिक्षक दिवस के अवसर पर KCMT, बरेली द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, नवाचार एवं शैक्षणिक नेतृत्व के लिए केशलता इंटरनेशनल स्कूल, बरेली के प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी को Excellence Academic Innovation Award' से सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा को उनके उल्लेखनीय शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'विद्यासागर अवॉर्ड' प्रदान किया गया। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय में नवीन शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रदान किए गए। इस अवसर पर केशलता इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सम्मान शिक्षकों को शिक्षा में निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करते हैं। प्रशासक श्री सुधांशु शर्मा ने दोनों सम्मानित शिक्षाविदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी मेहनत, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है। विद्यालय परिवार ने भी प्रधानाचार्य एवं उपप्रधानाचार्या को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह सम्मान केशलता इंटरनेशनल स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।




# इनर व्हील क्लब बरेली साउथ ने शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। इनर व्हील क्लब बरेली साउथ द्वारा शिक्षक दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली शिक्षिकाओं स्वस्ति जायसवाल,अंजना शर्मा और पिंकी गंगवार को सम्मानित किया गया। इसके बाद



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ। श्रीकृष्ण के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा और क्लब की सदस्याओं ने भक्ति संगीत का आनंद लिया। क्लब की अध्यक्ष निधि अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। सचिव बबीता गर्ग ने कहा कि भारतीय पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। इस अवसर पर रंजना ठाकुर, अर्चना मलिक, रति गुप्ता, सीमा अग्रवाल, लता अग्रवाल, माला सक्सेना, अनीता अग्रवाल, मनीषा मेहरा, श्वेता अग्रवाल, कृतिका अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल, अंकिता जैन, चित्रा खंडेलवाल, ज्योति मलिक, नीतू टंडन, सुरभि अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, शमा गुप्ता,, प्रीति खनिजू, नीना टंडन, और स्वीटी मित्तल सहित क्लब की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

## कायस्थ महासभा नें किया शिक्षकों को सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरेली के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना जी की अध्यक्षता में मार्गदर्शक, 'प्रेरणा के स्रोत' शिक्षा के स्रोत शिक्षकों का सम्मान हुआ। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा यह दिन देश के महान शिक्षाविद, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रज्ञा शंकर, रश्मि सक्सेना, विधान रॉय, विकल्प सक्सेना, आलोक सेठ, और निधि वर्मा को मोमेंटो देकर और साल उड़ा कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र रायजादा, सुधीर मोहन, संतोष सक्सेना, राजेश सक्सेना, श्यामदीप सक्सेना, मीरा मोहन, अतुल सक्सेना, अमित आनंद, मंजू लता, मनोहर लाल, अंश सक्सेना, अभिषेक सक्सेना, रजनी सक्सेना, सर्वेश सक्सेना, भुवनेश सक्सेना, शिवाजी सक्सेना आदि उपस्थित रहे। अन्त में अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।



### श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव सम्पन्न

बरेली (आज समाचार सेवा)। ब्रजधाम, बृजलोक में श्री कन्हैया लाल जी का छठी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम गणेश वंदना के बाद भजन गायक जगदीश भाटिया ने भावपूर्ण भजन सुनाया 'कमली श्याम दी कमली , रूप सलोना देख श्याम दा शुद्ध बुद्ध मेरी खोई. ..' सभी लोग इस पर नृत्य करने लगे , महिलाओं ने भी मंगल गीत गाए, सुमन, नेहा खंडेलवाल ने भजन गाया 'ब्रिज में हो रही जय जयकार नंद घर लाया जाओ है '.. भजन 'लाला की सुनके में आई यशोदा मैया दे दे बधाई' खूब बधाइयां बाटी गई, दूसरा भजन 'ओ री सखी मंगल गाओ री उतरेगी आज मेरे पिया की सवारी कार्यक्रम के पश्चात बधाई बाटी गई , आरती के बाद सब ने प्रसाद भंडारे के रूप में प्राप्त किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश, विवेक खंडेलवाल, श्रीमती सुमन, नेहा खंडेलवाल, विनय खंडेलवाल, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, दीपेश ,सर्वेश, राजेश खंडेलवाल व भजन गायक जगदीश भाटिया का रहा।

## मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में महिला शिक्षकों को मिला सर्वश्रेष्ठ शिक्षा सम्मान

बरेली (आज समाचार सेवा)। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णनन और प्रो.एन.एल.शर्मा की स्मृति में एक विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह रविवार को रामपुर गार्डन स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। 'राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका' विषयक गोष्ठी में बोलते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बरेली कालेज की प्रो.नमिता यादव और कार्यक्रम अध्यक्ष शिक्षाविद प्रो.एस. के.शर्मा ने कहा कि एक स्वस्थ पढ़े-लिखे समाज और राष्ट्र के निर्माण की जिम्मेदारी हमेशा से एक आदर्श शिक्षक के कंधों पर रही है। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि शिक्षक एक स्वस्थ राष्ट्र की रीढ़ है।मानव सेवा क्लब ने 16 महिला शिक्षकों को उनके शिक्षा में अनुकरणीय योगदान के लिये सम्मानित किया। जिनमें प्रो. बीना यादव,बरेली कालेज में भूगोल विभाग की प्रो.नमिता यादव,प्रो.प्रमिला शर्मा,डा.शिफालिका,रीता सक्सेना, डॉ.अनिला रंजन,मधु वर्मा,शकुन सक्सेना, प्रो.संध्या सक्सेना, प्रीती खरे,विनीता मेहरोत्रा, डॉ.निधि मिश्रा, नीतू टंडन, आशा शुक्ला, अलका सक्सेना,दीप्ति शर्मा और अरुणा सिन्हा शामिल हैं। सम्मान स्वरूप हार,शाल और प्रशस्ति-पत्र कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो.एस.के. शर्मा,क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा,इन्द्र देव त्रिवेदी ,मुकेश सक्सेना और प्रकाश चंद्र ने प्रदान किया। सभी सम्मानित होने वाले शिक्षाविदों ने सम्मान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया। आभार डॉ.असित रंजन ने व्यक्त किया। खासतौर से मौजूद लोगों में सत्येन्द्र सक्सेना,सुनील कुमार शर्मा,आर.एन. मेहरोत्रा,बीना रस्तोगी,डॉ.प्रणव गौतम, डा.अतुल वर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे।




# काव्यधारा ने किया पुस्तक विमोचन 31 रचनाकारों को किया सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। आध्यात्मिक एवं साहित्यिक संस्था काव्यधारा, रामपुर (उ.प्र.) की बरेली इकाई के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय सीबीगंज स्थित इंजीनियर्स भवन, कैम्फर कॉलोनी में कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं नीलम रानी सक्सैना -संपादित साझा काव्य-संकलन 'वतन के तराने' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार जितेंद्र कमल आनंद ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथिगण सुरेश कुमार कपूर श्री हंस एवं अनमोल रागिनी चुनमुन रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से आए कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभक्ति, सामाजिक सरोकारों, प्रेम, संवेदना और जीवन के विविध रंगों से सजी रचनाओं पर खूब तालियाँ बटोरीं। इस अवसर पर नीलम रानी सक्सैना-संपादित साझा काव्य-संकलन 'वतन के तराने' का विमोचन किया गया। साथ ही हिंदी साहित्य एवं काव्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 31 रचनाकारों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप शॉल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद, कार्यक्रम संयोजिका अलका गुप्ता, राजवीर सिंह राज एवं जिला सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने प्रदान किए। कवि सम्मेलन में गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, अलका गुप्ता, दीपक मुखर्जी 'दीप', सत्यपाल सिंह 'सजग', राम रतन यादव, राजवीर सिंह 'राज', नीलम रानी सक्सेना, पूनम शुक्ला, डॉ. शालिनी शर्मा 'मुक्ता', मनोज सक्सेना 'मनोज', डॉ. मिथिलेश राकेश 'मिथिला', रामधनी निर्मल ,सत्यवती सिंह, डॉ. निधि श्रीवास्तव, रजनी सिंह प्रज्ञा, देवेंद्र सिंह चौहान एवं कौशलेंद्र शुक्ला आदि सहित अनेक रचनाकारों ने काव्य पाठ किया।कार्यक्रम का संचालन राज शुक्ल 'गजलराज' ने किया। अंत में सभी आमंत्रित कवियों, साहित्यकारों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद ने व्यक्त किया।




फॉर्म A
सार्वजनिक घोषणा
(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ़ इंडिया के रेगुलेशन 6 के तहत
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए इन्सॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रक्रिया) रेगुलेशन, 2016)

| क्र. | संबंधित विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | कोरस पिन सेविंग्स फाइनेंशियल सर्विसेज निधि लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तारीख | 11/01/2017 |
| 3. | वह अथॉरिटी जिसके तहत कॉर्पोरेट देनदार का गठन/रजिस्ट्रेशन हुआ है | ROC उत्तर प्रदेश |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार का कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नंबर / लिमिटेड लायबिलिटी आइडेंटिफिकेशन नंबर | U65999UP2017PLC089032 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के रजिस्टर्ड ऑफिस और मुख्य ऑफिस (यदि कोई हो) का पता | 849, कटरा चांद खान, बरेली,उत्तर प्रदेश, इंडिया, 243001 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के मामले में दिवाला प्रक्रिया शुरू होने की तारीख | 01/ 09/2026 |
| 7. | दिवाला समाधान प्रक्रिया के पूरा होने की अनुमानित तारीख | 28/02/2027 |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर के तौर पर कामकर रहे दिवाला पेशेवर का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | अंकित मिश्रा IBBI/IPA-002/ IP-N01268/2023-2024/14294 |
| 9. | बोर्ड के पास रजिस्टर्ड अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल | फ्लैट नंबर 401 तीसरी मंज़िल सिद्धि सोना अपार्टमेंट H. No. 127/784/42 W-1 ब्लॉक साकेत नगर कानपुर208014. ankit99900@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ बातचीत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पता और ई-मेल। | फ्लैट नंबर 401 तीसरी मंज़िल सिद्धि सोना अपार्टमेंट H.No. 127/784/42W-1 ब्लॉक साकेत नगर कानपुर 208014. cirp.koras@gmail.com |
| 11. | दावे जमा करने की आखिरी तारीख। | 15.09.2026 |
| 12. | सेक्शन 21 के सब-सेक्शन (6A) के क्लॉज़ (b) के तहत, अगर कोई लेनदार वर्ग हैं, तो उनकी पहचान अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा की जाएगी। | डिपॉजिट होल्डर्स |
| 13. | किसी वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के तौर पर काम करने के लिए पहचाने गए दिवाला पेशेवरों के नाम (हर वर्ग के लिए तीन नाम) | 1.श्री अनिल कुमार(Regd. No.: IBBI/IPA-002/ IP-N00376/2017-18/11119) ईमेल: purswanianil@gmail.com 2.श्री तनवीर इलाही (Regd. No. : IBBI/IPA-001/ IP-P-02553/2021-22/13874) ईमेल: ip.tanveerilahi@gmail.com 3.श्री अनुपम तिवारी (Regd. No. : IBBI/IPA-003/ IP-N00018/2017-2018/10131) ईमेल: tiwari.anupam23@gmail.com |
| 14. | (a) संबंधित फ़ॉर्म और (b) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहाँ उपलब्ध हैं: | वेब लिंक: लागू नहीं फिजिकल एड्रेस: लागू नहीं |

कोरास पिन सेविंग्स फाइनेंशियल सर्विसेज निधि लिमिटेड के लेनदारों के लिए सूचना।
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने 01/09/2026 को कोरास पिन सेविंग्स फाइनेंशियल सर्विसेज निधि लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
कोरास पिन सेविंग्स फाइनेंशियल सर्विसेज निधि लिमिटेड के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे सबूत के साथ 15.09.2026 को या उससे पहले एंट्री नंबर 10 के सामने दिए गए पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर (interim resolution professional) के पास जमा करें।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावे सबूत के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा करने होंगे। अन्य सभी लेनदार अपने दावे सबूत के साथ व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा कर सकते हैं।
एंट्री नंबर 12 के सामने सूचीबद्ध श्रेणी से संबंधित वित्तीय लेनदार को, एंट्री नंबर 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवाला पेशेवरों में से उस व्यक्ति को चुनना होगा जो फॉर्म CA में उस श्रेणी के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेगा। दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

दिनाँक : 05.09.2026
स्थान: कानपुर

अंकित मिश्रा
रिज़ॉल्यूशन प्रोफ़ेशनल IBBI रजिस्ट्रेशन
IBBI/IPA-002/IP-N01268/2023-2024/14294
प्रोसेस ईमेल: cirp.koras@gmail.com
ईमेल: ankit99900@gmail.com

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
**वाराणसी**-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादक:
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-13226

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

## शिक्षक दिवस पर संकल्प संस्था ने शिक्षकों को किया सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। संकल्प सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर मॉडल टाउन में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने की । कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के महामन्त्री सरदार गुरविंदर सिंह द्वारा किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संस्था के संरक्षक साहित्य भूषण डॉ सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि मानव सृष्टि की सबसे अनूठी कृति है और बालक उसका लघु रुप । इस बालक को सजाने ,संवारने उसमें आदतों, कौशलों एवं संस्कारों को विकसित करने का कार्य शिक्षक करता है । इसलिए आदिकाल से ही शिक्षक का समाज में गरिमापूर्ण स्थान रहा है । उसके कंधों पर राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने का गुरुतर दायित्व होता है। इसलिए उसे राष्ट्र निर्माता कहा जाता है। उन्होने शिक्षकों से अनुरोध किया कि बे छात्रों के रोल मॉडल बनें । डॉ वी एम सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रों के पास ज्ञान को अर्जित करने के बहुत सारे संसाधन उपलब्ध हैं । बे मोबाइल, टी वी ,कम्प्यूटर तथा पत्र- पत्रिकाओं से नवीन ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं । इसलिए शिक्षकों को भी अपने ज्ञान को समय-समय पर अपडेट करते रहना चाहिए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज में शिक्षकों की कम होती गरिमा गम्भीर चिन्ता का विषय है । इसलिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग को इस विषय पर चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है जिससे समाज में शिक्षकों की गरिमा अक्षुण्य रहे। इस अवसर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ सुरेश बाबू मिश्रा ,सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विनोद कुमार गुप्ता ,बरिष्ठ शिक्षक गुरविंदर सिंह एवं गंगाराम पाल को सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारी डॉ वी एन सिंह, एस एस एन मिश्रा एवं एम सी पाण्डेय ने सभी का माल्यार्पण कर और पटका पहानाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उमेश चन्द्र गुप्ता , महेंद्र पाल राही ,मोहन चन्द्र पाण्डेय ,आर पी सिंह, के पी सिंह, जोगेंद्र सिंह, के के शंखधार, एम पी उपाध्याय सहित बड़ी संख्या बुद्धिजीवी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महेंद्र पाल राही ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।



## चार दिवसीय श्री जन्माष्टमी मेले का समाज सेवी रमेश गंगवार ने फीता काट कर किया शुभारंभ

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। भदपुरा में लगने वाले प्राचीन श्री जन्माष्टमी मेले का समाज सेबी रमेश गंगवार ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया श्री गंगवार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा मेला लोगों को एकता को बढ़ाता है साथ ही भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हुआ जब उनके माता-पिता जेल में थे उन्होंने श्री कृष्ण के बताएं पर रास्ते पर चलना चाहिए उद्घाटन समारोह में उपभोक्ता डायरेक्टर डॉक्टर सर्वेश गंगवार के साथ ही ग्राम प्रधान ओमेंद्र पाल सिंह राधेश्याम जगदीश कुमार विजय कुमार डॉक्टर शिव कुमार रामकिशन मेला अध्यक्ष अमित कुमार मुन्ना प्रधान जी छत्रपाल प्रधान किशन स्वरूप सक्सेना कुमार सेन महेंद्र दिवाकर रामेश्वर दिवाकर ताराचंद डॉक्टर शिव कुमार समेत अनेक लोग मौजूद रहे

